आदेश – पत्रक

कार्यालय अंचल अधिकारी, बरडीहा(गढ़वा)।

अनुमण्डल–गढ़वा | जिला–गढ़वा | अंचल –बरडीहा

वाद सं0 :– 10/2022-23 [illegible]22035684

वाद का प्रकार :– निविवाद [illegible]

दिनांक	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	अभियुक्ति
20.04.2022	आवेदक श्री मुन्द्रिका रजवार वो रामविहारी रजवार पिता स्व0 बासुदेव रजवार एवं अन्य ग्राम–बरडीहा,अंचल–बरडीहा,जिला–गढ़वा द्वारा आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवेदन पत्र पर राजस्व उपनिरीक्षक/प्रभारी अंचल निरीक्षक का जॉच प्रतिवेदन अंकित किया हुआ है,कि ग्राम–बरडीहा के खाता सं0–91 प्लॉट सं0–12/4 रकबा–0.28 ए0 प्लॉट सं0–12/5 रकबा 0.72 ए0 कंल रकबा 1.00 ए0 भूमि से संबंधित कागजात जामा करने हेतू दोनों पक्षों को नोटिस निर्गत करें। लेखापित एवं संशोधित। अंचल अधिकारी, बरडीहा। अंचल अधिकारी, बरडीहा।	
21.04.2022	अभिलेख उपस्थापित किया गया। निर्धारित तिथि को दोनों पक्षों में से कोई उपस्थित नहीं हुआ। राजस्व उपनिरीक्षक एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक तथा अंचल अमीन से जाँच प्रतिवेदन की मांग करें। लेखापित एवं संशोधित अंचल अधिकारी, बरडीहा अंचल अधिकारी, बरडीहा	

Scanned with CamScanner

29/4/22

आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	अभियुक्ति
हल्का राजस्व उपनिरीक्षक एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक तथा अंचल अमीन का जॉच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। राजस्व उपनिरीक्षक के जॉच प्रतिवेदन मे कहा गया है कि मुन्द्रिका रजवार वो बिहारी रजवार ग्राम–बरडीहा,जिला–गढ़वा के निवासी है। आवेदक द्वारा दिये आवेदन का जॉच उपलब्ध राजस्व कागजात एवं स्थल पर किया गया और पाया कि मुन्द्रिका रजवार वो राम बिहारी रजवार पिता बासदेव रजवार ग्राम–बरडीहा के नाम से भूमि बंदोवस्ती वाद सं0–30/1995–96 अनुमण्डल पदाधिकारी,गढ़वा के आदेशानुसार निम्नांकित भूमि का बंदोवस्ती हुआ है। ग्राम–बरडीहा के खाता सं0–91 प्लॉट सं0–12/4 रकबा 0.28 ए0 प्लॉट सं0–12/5 रकबा 0.72 ए0 कुल रकबा 1.00 ए0 उपर्युक्त भूमि मे से हाल सर्वे के अनुसार खाता सं0–307 प्लॉट सं0–199 बना है। जो किस्म जमीन गैरमजरूआ मालिक अनावाद झारखण्ड सरकार दर्ज है। उक्त प्लॉट से ही बंदोवस्त रकबा 1.00 ए0 है। अंचल अमीन द्वारा सिमांकन कराया गया। उक्त भूमि मे से खाता सं0–307 प्लॉट सं0–199 रकबा 0.02 ए0 पर वाटर ट्रिटमेंट प्लांट के संवेदक द्वारा चहारदीवारी निर्माण कर प्लांट के अन्दर घेराबंदी कर दिये है। इसलिए उक्त भूमि को चहारदीवारी से बाहर करने हेतू कार्रवाई किया जा सकता है। प्रभारी अंचल निरीक्षक के जॉच प्रतिवेदन मे कहा गया है कि खाता सं0–91 प्लॉट सं0–12/4 एवं 12/5 रकबा 1.00 ए0 बंदोवस्ती वाद सं0–30/1995–96 अनुमण्डल पदाधिकारी,गढ़वा के द्वारा बंदोवस्त हुआ है। जिसका हाल सर्वे के अनुसार खाता सं0–307 प्लॉट सं0–199 बना है। संवेदक द्वारा 0.02 ए0 भूमि पर चहारदीवारी पक्का बना दिये हैं। जिसे आदेशार्थ तोड़ने हेतू अनुमण्डल पदाधिकारी,गढ़वा के यहॉ भेजा जा सकता है। अंचल अमीन के जॉच प्रतिवेदन मे कहा गया है कि मुन्द्रिका रजवार वो राम बिहारी रजवार पिता बासदेव रजवार के आवेदन मे अंकित पुराना खाता सं0–91 पुराना प्लॉट सं0–12 से नया खाता सं0–307 नया प्लॉट सं0–199 मे कम्पनी के द्वारा रकबा 0.02 ए0 जमीन चहारदीवारी के अन्दर कर कब्जा कर लिया गया है। राजस्व उपनिरीक्षक एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक तथा अंचल अमीन का जॉच प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम–बरडीहा के खाता सं0–307 प्लॉट सं0–199 रकबा–0.02 ए0 भूमि पर चहारदीवारी पक्का बना है को तोड़ने हेतू स्वीकृति की ....अनुशंसा..........की जाती है। अतः अभिलेख आवश्यक कार्रवाई हेतू भूमि सुधार उपसमाहर्ता,गढ़वा के यहॉ भेजे। लेखापित एवं संशोधित। अंचल अधिकारी, बरडीहा। अंचल अधिकारी, बरडीहा।	

Digitally signed by Deepmala
Date: 2023.03.05 11:07:27 +05:30
Location: 192.168.30.127

Scanned with CamScanner